सैलून अकादमी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में विधायक विनोद चमोली और एफ सैलून अकादमी की सीईओ प्राची कौशिक ने देहरादून में संयुक्त रूप से **अंतर्राष्ट्रीय फैशन और जीवन शैली प्रसारण टेलीविज़िन चैनल फैशन टीवी (FTV)** की एफ सैलून अकादमी का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- FTV सैलून अकादमी, देहरादून के मालिक, तुषार प्रताप सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य एफ सैलून अकादमी के माध्यम से फैशन उद्योग को अपने सबसे असाधारण गुणवत्ता वाले पेशेवरों के साथ प्रस्तुत करने के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
- FTV सैलून अकादमी द्वारा दिया जाने वाला प्रशिक्षण अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है तथा इन मानकों के अनुरूप ही उत्तराखंड के युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- FTV सैलून अकादमी के सीईओ प्राची कौशिक ने कहा कि पूरे भारत में अकादमी की 500+ फ्रेंचाइजी स्थापित किया जाएगा, जिसमें छात्र 100 से अधिक ब्यूटी कोर्स कर सकते हैं।
- यह अकादमी न केवल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पेशेवरों के उत्पादन तक सीमित है, बल्कि प्रतिवर्ष 14 मिलियन नौकरियों का सृजन करके भारतीय बाज़ार में क्रांति लाएगी।
- उन्होंने कहा कि हम छात्रवृत्ति प्रदान करके समाज के कमज़ोर वर्ग, दिव्यांगों, गृहिणियों आदि के उत्थान के लिये विभिन्न सरकारी संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ जुड़ने की भी योजना बना रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/salon-academy